रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99

REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खंड (i)

PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 581] नई दिल्ली, सोमवार, नवम्बर 19, 2001/कार्तिक 28, 1923

No. 581] NEW DELHI, MONDAY, NOVEMBER 19, 2001/KARTIKA 28, 1923

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 19 नवम्बर, 2001

सा.का.नि. 853(अ).—केन्द्रीय मोटरयान नियम, 1989 का और संशोधन करने के लिए कतिपय नियमों का एक प्रारूप, मोटरयान अधिनियम, 1988 (1988 का 59) की धारा 212 की उपधारा (1) की अपेक्षानुसार, भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक सा.का.नि. 529 (अ) तारीख 13 जुलाई, 2001 के अधीन भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग 2, खंड 3, उपखंड (i) में तारीख 13 जुलाई, 2001 को प्रकाशित किया गया था, जिसमें उन सभी व्यक्तियों से, जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से जिसको उस राजपत्र की प्रतियां, जिसमें उक्त अधिसूचना प्रकाशित की गई थी, जनता को उपलब्ध करा दी जाती हैं, साठ दिन की अवधि के भीतर आक्षेप और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और उक्त राजपत्र की प्रतियां जनता को 16 जुलाई, 2001 को उपलब्ध करा दी गई थीं,

और केन्द्रीय सरकार ने उक्त प्रारूप नियमों के संबंध में जनता से प्राप्त आक्षेपों और सुझावों पर विचार कर लिया है,

अत: अब केन्द्रीय सरकार उक्त अधिनियम की धारा 52 की उपधारा (1) और धारा 110 के साथ पठित धारा 64 के खंड (त) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय मोटरयान नियम, 1989 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम केन्द्रीय मोटर यान (सातवां संशोधन) नियम, 2001 है।

(2) ये राजपत्र में उनके अंतिम प्रकाशन की तारीख से छह मास के पश्चात प्रवृत्त होंगे।

परंतु यह कि इन नियमों के अधिसूचना सं. सा.का.नि. 99 (अ) तारीख 9 फरवरी, 2000 के अनुसार प्रारंभ के पूर्व नियम 115 ख के अधीन प्रमाणित यान माडलों/संपरिवर्तन किटों/इंजन प्रतिस्थापनों की बाबत, ऐसे प्रमाणपत्र का अनुपालन, ऐसे प्रमाणपत्रों में विनिर्दिष्ट विधिमान्यता की अवधि के होते हुए भी इन नियमों के प्रारंभ की तारीख से छह मास तक ही विधिमान्य बने रहेंगे।

2. केन्द्रीय मोटर यान नियम, 1989 (जिसे इसमें इसके पश्चात् मूल नियम कहा गया है) के नियम 115 में, उप नियम (2) के स्थान पर, निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात :—

"(2) केन्द्रीय मोटर यान (सातवां संशोधन) नियम, 2001 के प्रारंभ से ही, प्रत्येक मोटर यान निम्नलिखित मानकों का अनुपालन करेगा, अर्थात् :—

(क) ऐसे सभी दो पहिए और तिपहिए यानों के लिए जो—

(i) द्रवित पेट्रोलियम गैस (एल.पी.जी.), पेट्रोल, या

(ii) संपीडित प्राकृतिक गैस (सी.एन.जी.), पेट्रोल, से चलते हैं, निष्कार्य सी.ओ. (कार्बन मोनोआक्साइड) उत्सर्जन सीमा, आयतन के अनुसार 4.5 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी;

(ख) ऐसे सभी यानों (दो पहिए और तिपहिए यानों को छोड़कर) के लिए जो—

(i) द्रवित पेट्रोलियम गैस (एल.पी.जी.), पेट्रोल; या

(ii) संपीडित प्राकृतिक गैस (सी.एन.जी.), पेट्रोल, से चलते हैं, निष्कार्य सी.ओ. (कार्बन मोनोआक्साइड) उत्सर्जन सीमा, आयतन के अनुसार 3.0 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी;

(ग) डीजल से चलने वाले सभी यानों के लिए धुम्र घनत्व निम्नलिखित होगा :—

सारणी

परीक्षण की पद्धति			अधिकतम	धूम घनत्व
गुणांक	प्रकाश अवशोषक गुणांक (1/एम)		बोश यूनिट	हार्टरिज यूनिट
(1)	(2)		(3)	(4)
(क)	कृषि ट्रेक्टरों को छोड़कर अन्य यानों के लिए विनिर्माता द्वारा घोषित अधिकतम इंजन निर्धारित आर पी एम के 60 से 70 प्रतिशत पर पूर्ण भार	3.25	5.2	75
	या			
	टर्बोधारित इंजन के लिए मुक्त त्वरण या प्राकृतिक रूप मे एस्पिरेटिड इंजन के लिए मुक्त त्वरण	2.45	—	65
(ख)	कृषि ट्रेक्टरों के लिए पी टी ओ निष्पादन परीक्षणों में विकसित अधिकतम शक्ति के तत्समान 80% भार।	3.25	5.2	75."

3. उक्त नियमों के नियम 115ख के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"**115 ख. संपीडित प्राकृतिक गैस चालित यानों के लिए द्रव्यमान उत्सर्जन मानक**—ऐसे यानों, जब वे संपीडित प्राकृतिक गैस (जिसे इस नियम में इसके पश्चात् "सीएनजी" कहा गया है) से चल रहे हों, के लिए द्रव्यमान उत्सर्जन मानक, हाइड्रो कार्बन (एच सी) को गैर मिथेन हाइड्रोकार्बन (एन एम एच सी) से प्रतिस्थापित करेगा। गैर मिथेन हाइड्रोकार्बन को किसी विश्लेषक द्वारा या निम्नलिखित सूत्र द्वारा मापा जा सकेगा :

एन एम एच सी = एच सी × (1–के/100)

जहां, एच सी – मापा गया कुल हाईड्रोकार्बन

के = प्राकृतिक गैस ईंधन में % मिथेन तत्व

निर्दिष्ट ईंधन के रूप में उपयोग किए जाने वाली संपीडित प्राकृतिक गैस में मिथेन तत्व 70 प्रतिशत से कम नहीं होंगे।

अ. मूल उपस्कर/संपरिवर्तित गैसोलीन यान

(1) मूल उपस्कर (जिसे इस नियम में इसके पश्चात ओ.ई कहा गया है) सहित गैसोलीन यानों के लिए फिटमेंट

(क) तिपहिए यानों से भिन्न नए पेट्रोल यानों पर यान विनिर्माताओं द्वारा विनिर्मित सी.एन.जी. फिटमेंट की दशा में, यान विनिर्माता द्वारा विनिर्मित प्रत्येक माडल भारत स्टेज II टाइप अनुमोदन उत्सर्जन मानदंडों के अनुसार अनुमोदित टाइप का होगा और इन नियमों के उपबंधों का अनुपालन करेगा। तिपहिया यानों की दशा में सी.एन.जी. फिटमेंट इंडिया 2000 (इंडिया स्टेज-I) मानों के अनुरूप होगा और यथा लागू इन नियमों के उपबंधों का अनुपालन करेगा।

(ख) ऐसे यानों के आधार माडल और रूपान्तर यथा लागू इन नियमों और इन नियमों में यथा विनिर्दिष्ट पेट्रोल पद्धति में टाइप अनुमोदन उत्सर्जन यानों के अनुरूप होंगे। संपीडित प्राकृतिक गैस पद्धति के मामले में यह नियम 115 में यथाविनिर्दिष्ट द्रव्यमान उत्सर्जन मानों का, जिसमें क्रेक केस और वाष्प शील उत्सर्जन मान नहीं है, पालन करेगा;

(ग) क्रमश: चार पहिए वाले, तीन पहिए वाले और दो पहिए वाले यानों पर 5 लिटर, 3 लिटर और 2 लिटर से अनधिक क्षमता के पेट्रोल टैंक से सज्जित यान आधार माडल और इसके रूपान्तरण द्रव्यमान उत्सर्जन परीक्षण क्रेक केस उत्सर्जन परीक्षण निष्कार्य सी.ओ. परीक्षण और गैसोलीन पद्धति में वाष्प शील उत्सर्जन परीक्षण से छूट प्राप्त होंगे किन्तु यथा लागू इन नियमों के अन्य उपबंधों का अनुपालन करेंगे।

(घ) ऐसा यान सी एन जी और पेट्रोल जैसे दोनों प्रकार के ईंधन के प्रचालन में समर्थ होगा।

(ङ) उत्पादन की वर्तमान अनुरूपता (जिसे इस नियम में इसके पश्चात् सी ओ पी कहा गया है) प्रक्रिया भी लागू होगी।

II. उपयोगरत गैसोलीन यानों के लिए

(क) सी एन जी किटों से सुसज्जित उपयोगरत यान ऐसे यानों के विनिर्माण के तत्संबंधी वर्ष को यथा लागू गैसोलीन यानों के लिए इन नियमों में तथा विनिर्दिष्ट सी.एन.जी. प्रचालन पर उन टाइप अनुमोदन उत्सर्जन मानों का पालन करेंगे किंतु यह निम्नवत न्यूनतम मानों के अधीन होगा

(i) 31 मार्च, 2000 तक विनिर्मित यानों के लिए इन नियमों के अधीन यथा लागू मान इंडिया 2000 (इंडिया स्टेज I) के समतुल्य टाइप अनुमोदन मान;

(ii) 1 अप्रैल, 2000 के पश्चात् विनिर्मित यानों के लिए भारत स्टेज II मानों की विधिमान्यता तक भारत स्टेज II मान में यथा-विनिर्दिष्ट टाइप अनुमोदित मान।

(ख) सी एन जी किट अनुमोदन के प्रयोजनों के लिए किट विनिर्माता या प्रदायकर्ता यान की इंजन क्षमता पर आधारित नियम, 126 के अधीन प्राधिकृत किसी परीक्षण अभिकरण से निम्नलिखित रीति में प्रमाणपत्र अभिप्राप्त करेगा; अर्थात् :—

(i) यानों के लिए सी एन जी किट, मैक और माडल पर ध्यान दिए बिना यान के लिए अनुमोदित टाइप की होगी। ऐसी कोई किट 25% ± की सहायता रेंज के भीतर सी सी की इंजन क्षमता की विनिर्दिष्ट रेंज के भीतर किसी यान में अनुरूपान्तरण के लिए उपयुक्त समझी जाएगी।

(ii) निम्न प्रकार के यानों के लिए पृथक प्रकार का अनुमोदन आवश्यक होगा, अर्थात् :—

(क) टू स्ट्रोक;

(ख) फोर स्ट्रोक;

(ग) कारबुरेटेड;

(घ) इंजेक्ट किया गया सिंगल पाइंट ईंधन और

(ङ) इंजेक्ट किया गया बहु पाइंट ईंधन;

स्पष्टीकरण :—

ओ.ई. या "उपयोगरत" गैसोलीन यानों के संपरिवर्तन के मामले में,

(क) किसी सी एन जी किट की टाइप अनुमोदन प्रदान करने के प्रयोजन के लिए परीक्षण अधिकरणों द्वारा नीचे दी गई सारणी के अनुसार परीक्षण किए जाएंगे;

सारणी

परीक्षण		संदर्भ दस्तावेज
1		2
(i)	द्रव्यमान एमिसन परीक्षण	एम ओ एस टी/सी.एम.वी.आर. टी ए वी-115/116 और इस बाबत भारत सरकार द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं।
(ii)	केवल ओ ई के लिए लागू डायनोमीटर इंजन पर इंजन निष्पादन परीक्षण	आई. एस. 14599-1999
(iii)	स्थिर गति ईंधन खपत परीक्षण	आई.एस. 11921, 1986 (चार पहिया वाहनों के लिए) आई.एस. 10944 1983 (मोपेड के लिए) आई. एस. 10881, 1984 (मोटर साइकिल और स्कूटर के लिए)

(ख) सी एन जी यानों, किट संघटकों जिनके अन्तर्गत उनका लगाया जाना भी सम्मिलित है, के लिए परीक्षण प्रक्रिया और सुरक्षा मार्गदर्शी सिद्धान्त तब तक समय समय पर यथा संशोधित ए आई एस 024 के अनुसार होंगे जब तक कि तत्स्थानी पी.आई.एस. विनिर्देश अधिसूचित नहीं कर दिए जाएंगे।

(ग) "उपयोगरत" यानों पर ओ. ई. रूपान्तरण और अनुरूपान्तरण के लिए टाइप के अनुमोदन की जिम्मेदारी, क्रमश: यान विनिर्माता और किट विनिर्माता या प्रदायकर्ता की होगी ;

(घ) अनुरूपान्तरण के लिए सी एन जी किट का टाइप अनुमोदन, ऐसे अनुमोदन के जारी होने की तारीख से तीन वर्ष के लिए विधिमान्य होगा और एक बार में तीन वर्ष के लिए नवीकरणीय होगा।

(ङ) उपयोगरत यानों पर सी एन जी किटों का अनुरूपान्तरण, यथा स्थिति, किट विनिर्माता/किट प्रदायकर्ता या यान विनिर्माताओं द्वारा प्राधिकृत कार्यशालाओं द्वारा किया जाएगा।

(च) परीक्षण अभिकरण, परीक्षण को पूरा करेगी और ऐसी किटों को प्राप्त करने की तारीख से तीन मास की अवधि के भीतर आवश्यक प्रमाणपत्र देगी;

(छ) किट विनिर्माता/प्रदायकर्ता अपने-अपने माडलों में जिन पर कोई अनुमोदित किट लगाई जानी है, सी एन जी किट के रूपान्तरण के लिए एक अभिन्यास योजना विधीक्षा और अनुमोदन के लिए परीक्षण अभिकरण को देगा। किट का रूपान्तरण ऐसे अनुमोदित अभिन्यास योजना के आधार पर ही होगा परीक्षण अभिकरण से विशेष रूप से ऐसे माडलों और उनके रूपान्तरों को उपदर्शित करने की अपेक्षा की जाएगी जिन पर प्रमाणपत्र विधिमान्य होगा।

(iii) **विशेष छूट :**

ऐसे यानों में, जिनका विनिर्माण 1 अप्रैल, 1991 के पश्चात् किया गया है, लगी किटों के लिए विशेष छूट उपलब्ध होगी। ऐसे मामले में जहां 1 अप्रैल, 1991 के पश्चात् विनिर्मित ऐसे यान में, जो उपयोग में है, 1 अप्रैल 1991 को या उसके पश्चात् लगाई गई किट इन नियमों के अधीन भारत स्टेज II मानों को पूरा करती है, वहां ऐसी किट मद [illegible] खंड(2) के उपखंड (क) और उपखंड (ख) के अन्तर्गत आने वाले ऐसे यानों पर, उनके रूपान्तरणों सहित, जिनका विनिर्माण ऐसे भारत स्टेज II मानों की विधिमान्यता तक किया गया हो, प्रतिष्ठापित की जा सकती है।

आ) **ओ. ई. सी. एन. जी. यान/संपरिवर्तित डीजल यान**

(i) यान विनिर्माता द्वारा बनाए गए ओ.ए.सी.एन.जी. समर्पित यान (इनमें ड्राइव अवे चेसिस भी सम्मिलित है) के लिए :

(क) यान विनिर्माता द्वारा बनाए गए तीन पहिए वाले यानों के सिवाए ओ. ई. सी. एन. जी. समर्पित यान का प्रत्येक माडल, भारत स्टेज टाइप अनुमोदन उत्सर्जन यान और यथा लागू नियमों के अनुसार होगा। तिपहिया यानों की दशा में, माडल इंडिया 2000 (इंडिया स्टेज I) भारत 2000 के अनुसार टाइप उत्सर्जन मान और इस संबंध में यथा लागू नियमों के अनुसार अनुमोदित टाइप का होगा।

(ख) विनिर्दिष्ट इंजन क्षमता के लिए अनुमोदित ओ. ई. सी. एन. जी. इंजन, यथा [illegible] इन नियमों के अधीन अपेक्षाओं को पूरा करते हुए, आधार माडल और उसके रूपान्तरणों पर प्रतिष्ठापित किया जा सकता है ;

(ग) इन नियमों के अधीन विविक्त सामग्री और दृश्यमान प्रदूषकों (धूम्र) के उत्सर्जन के लिए परीक्षण, लागू नहीं होंगे ;

(घ) विद्यमान सी ओ पी प्रक्रिया भी लागू होगी :

(ii) ऐसे डीजल यानों में, जो उपयोग में हैं, इंजन के रूपातंर द्वारा संपरिवर्तन के लिए :

(क) समर्पित सी एन जी प्रचालन के लिए अनुरूपांतरित/रूपांतरित डीजल यानों के लिए टाइप अनुमोदन, यान की मैक और माडल पर निर्भर करते हुए सी एन जी किट और डीजल इंजन में किए गए बड़े परिवर्तनों/रूपांतरणों को ध्यान में रखते हुए, यान की विनिर्दिष्ट मैक और माडल के लिए दिए जाएंगे :

(ख) विनिर्दिष्ट इंजन क्षमता के लिए यान पर अनुमोदित सी एन जी किट, ऐसे आधार माडल और उसके रूपांतरणों में जिनमें उसी क्षमता के इंजन लगे हैं, प्रतिष्ठापित की जा सकती है।

(ग) ऐसे डीजल यान जो उपयोग में हैं, जब उन्हें सी.एन.जी. से प्रचालन के लिए संपरिवर्तित किया जाए तो उन्हें कम से कम इंडिया 2000 (इंडिया स्टेज I) मानों में विहित डीजल यानों के टाइप अनुमोदित मानों को पूरा करना होगा। 1 अप्रैल, 2000 को या इसके पश्चात् विनिर्मित यानों के लिए, इन नियमों के अधीन यथा लागू भारत स्टेज II के तत्स्थानी टाइप अनुमोदित मान लागू होंगे और ऐसे भारत स्टेज II मानों की विधिमान्यता तक लागू रहेंगे।

(घ) ऐसे यानों का, जिन्हें टाइप अनुमोदन के लिए केन्द्रीय मोटरयान नियम, 1989 के नियम 126 में निर्दिष्ट परीक्षण अभिकरण के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है, इन नियमों के अधीन यथा लागू उपयुक्तता अपेक्षाओं को पूरा करना होगा।

(ङ) इन नियमों के अधीन विविक्त सामग्री और दृश्यमान प्रदूषक (धूम्र) के उत्सर्जन के लिए परीक्षण लागू नहीं होंगे।

(च) यांत्रिकी रूप से नियंत्रित और इलैक्ट्रॉनिक रूप से नियंत्रित डीजल फ्यूल इंजेक्टिड यानों के लिए, जब इन्हें सी एन जी प्रचालन के लिए अनुरूपांतरित/रूपांतरित किया जाए, पृथक् टाइप अनुमोदन उपेक्षित है।

स्पष्टीकरण : ओ.ई. या रूपान्तरण द्वारा ऐसे डीजल यान जो उपयोग में है, का संपरिवर्तन

(क) ऐसे यान को, जिसमें ओ ई के रूप में या अनुरूपांतरित/रूपांतरित सी एन जी इंजन (डीजल इंजन से संपरिवर्तित) लगा है, टाइप अनुमोदन मंजूर करने के लिए, परीक्षण अभिकरण द्वारा नीचे दी गई सारणी के अनुसार निष्पादन परीक्षण किया जाएगा, अर्थात्

सारणी

	परीक्षण	संदर्भ दस्तावेज (समय-समय पर यथा संशोधित)
(1)	(2)	(3)
(i)	द्रव्यमान उत्सर्जन परीक्षण	एमओ एस टी/सीएमवीआर/टीएपी-115/116 और इस बाबत भारत सरकार द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं।
(ii)	इंजन निष्पादन परीक्षण	आई एस 14599—1999
(iii)	ग्रेडबिल्टी	केन्द्रीय मोटर यान नियम, 1989 के नियम 124 के अधीन जारी की गई अधिसूचना के अनुसार
(iv)	स्थिर गति ईंधन खपत परीक्षण	आई एस 11921—1986 (चार पहिया वाहनों के लिए) आई एस 10944, 1983 (मोपेड के लिए) आई एस 10881, 1984 (मोटर साइकिल और स्कूटर के लिए)
(v)	इलेक्ट्रो-मैगनेटिक इंटर फिट रेंज	केन्द्रीय मोटर यान नियम, 1989 के नियम 124 के अधीन जारी की गई अधिसूचना के अनुसार
(vi)	बसों के लिए कम से कम 250 कि.मी. का रेंज परीक्षण	
(vii)	कूलिंग परफारमेंस	आई एस : 14557, 1998

टिप्पण : द्रव्यमान उत्सर्जन परीक्षण यथा लागू इंजन डायनमोमीटर या चैसिस डायनमोमीटर पर किया जाएगा।

(ख) सी एन जी यानों, किट संघटकों, जिसमें उनका प्रतिष्ठान भी सम्मिलित है, के लिए परीक्षण की प्रक्रिया और सुरक्षा मार्गदर्शी सिद्धांत तब तक केन्द्रीय सरकार द्वारा समय समय पर यथा संशोधित ए आई एस 024 डी 1 के अनुसार जब तक तत्स्थायी बी आई एस विनिर्दिष्ट अधिसूचित नहीं होता है,

(ग) ऐसे यानों पर, जो उपयोग में है, ओ ई किटमेंट और अनुरूपान्तरण रूपांतरण के लिए टाइप अनुमोदन प्राप्त करने की जिम्मेदारी क्रमश: यान विनिर्माता और किट विनिर्माता या वितरक की होगी,

(घ) अनुरूपांतरण के लिए सी एन जी किट का टाइप अनुमोदन, जारी करने की तारीख से 3 वर्ष के लिए विधिमान्य होगा और एक समय में तीन वर्ष के लिए नवीकीणीय होगा,

(ङ) ऐसे यानों पर, जो उपयोग में है, सी एन जी किट का अनुरूपांतरण, यथास्थिति, किट विनिर्माता किट वितरक या यान विनिर्माता द्वारा प्राधिकृत कार्यशालाओं में किया जाएगा,

(च) परीक्षण अभिकरण, किट प्राप्त करने की तारीख से तीन मास की अवधि के भीतर परीक्षण पूरा करेगा और आवश्यक प्रमाणपत्र देगा

(iii) विशेष छूट :—

1 अप्रैल, 1992 के पश्चात् विनिर्मित डीजल संपरिवर्तित यानों को विशेष छूट उपलब्ध होगी। उस दशा में जब 1 अप्रैल, 1992 को या उसके पश्चात विनिर्मित ऐसा कोई यान माडल/चैसिस, इन नियमों के अधीन भारत स्टेज II मानों को पूरा करता है, तब टाइप अनुमोदन मद आ के खंड (II) के अंतर्गत आने वाले ऐसे आधारायान माडल और उसके रूपांतरणों पर, ऐसे भारत स्टेज-II मान की विधि मान्यता तक है विस्तारित किया जा सकता है। परीक्षण को, जिनपर प्रमाणपत्र विधिमान्य होगा, विनिर्दिष्ट करें।

इ. ऐसे डीजल इंजन का, जो उपयोग में है, नए सी एन जी इंजन द्वारा प्रतिस्थापन :—ऐसे यानों के लिए, जो उपयोग में है और जिनके डीजल इंजन को नए सीएनजी इंजन द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है, टाइप अनुमोदन के लिए नीचे की गई सारणी में उल्लिखित कम से कम इंडिया भारत स्टेज II उत्सर्जन मान के और परीक्षण लागू होंगे :—

सारणी

परीक्षण		संदर्भ दस्तावेज
(1)	(2)	(3)
(i)	द्रव्यमान उत्सर्जन परीक्षण	एमओएसटी/सीएमवीआर/टीएपी-115/116 इस बाबत भारत सरकार द्वारा जारी की गई अधिसूचना।
(ii)	इंजन निष्पादन परीक्षण	आई एस 14599—1999
(iii)	ग्रेडेबिल्टी परीक्षण	केन्द्रीय मोटर यान नियम, 1989 के नियम 124 के अधीन जारी की गई अधिसूचना के अनुसार
(iv)	इलैक्ट्रो मैगनेटिक इंटर विक्टारेंस (ईएमआई)	केन्द्रीय मोटर यान नियम, 1989 के नियम 124 के अधीन जारी की गई अधिसूचना के अनुसार
(v)	बसों के लिए कम से कम 250 कि.मी. का रेंज परीक्षण	
(vi)	कूलिंग परफारमेंस	आई एस : 14557, 1998
(vii)	स्थिर गति ईंधन खपत	आई एस : 11921, 1986 (चार पहिया वाहनों के लिए) आई एस : 10944, 1983 (मोपेड के लिए) आई एस 10881, 1984 (मोटर साइकिल और स्कूटर के लिए)

स्पष्टीकरण : —

(क) ऐसे यानों को, जिन्हें टाइप अनुमोदन के लिए नियम 126 में विनिर्दिष्ट प्राधिकृत परीक्षण अभिकरण के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, इन नियमों के अधीन लागू उपयुक्तता अपेक्षाओं को पूरा करना होगा।

(ख) ऐसे सी एन जी यानों, किट संघटकों, जिनमें उनका संस्थापन भी है, के परीक्षण की प्रक्रिया और सुरक्षा मार्गदर्शी सिद्धांत तब तक केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर यथा संशोधित ए आई एस 024 डी-1 के अनुसार जब तक तस्थायी बी. आई. एस. विनिर्देशन अधिसूचित नहीं होंगे।

(ग) परीक्षण अभिकरण, उन्हें परीक्षण के लिए प्रस्तुत किए जाने से तीन मास के भीतर परीक्षण पूरा करेगा और आवश्यक प्रमाणपत्र देगा।

(घ) परीक्षण अभिकरण से यह उपेक्षा की जाएगी कि वह ऐसे माडलों और उनके रूपांतरणें को, जिन पर नए इंजन का प्रतिस्थापन विधिमान्य होगा, विनिर्दिष्ट रूप से निर्दिष्ट करेगा।

ई. लागू उत्सर्जन मान

	इंजनों के प्रवर्ग	लागू उत्सर्जन मान
(i)	यान में जीथी डब्ल्यू सहित फिट किए गए 3.5 टन के समतुल्य से कम	सीएनजी में संपरिवर्तित गैसोलीन यानों के लिए चैसिस डायनोमीटर परीक्षण के लिए विद्यमान गैसोलीन इंजन मान। सीएनजी में संपरिवर्तित डीजल यानों के लिए चेसिस डायनोमीटर परीक्षण के लिए विद्यमान डीजल इंजन मान।
(ii)	ये अधिक जी वी डब्ल्यू सहित यान में फिट किए गए 3.5 टन।	13 माड स्टीडी स्टेज इंजन डायनोमीटर परीक्षण पर आधारित विद्यमान डीजल इंजन उत्सर्जन मान।

(ङ) सीएनजी यान/यानों के किट संघटक, जिसमें संस्थापन सम्मिलित है, उपाबंध 9 में दिए गए सुरक्षा जांच का पालन करेंगे।

ऊ. परीक्षण अभिकरण उपाबंध 10 में यथा उल्लिखित सीएनजी यानों और संपरिवर्तित किटों के लिए "सीएनजी और एलपीजी प्रचालित यानों के टाइप अनुमोदन के लिए सुरक्षा और प्रक्रियात्मक अपेक्षाएं" अन्तर्विष्ट करते हुए प्रत्येक टाइप अनुमोदन प्रमाणपत्र जारी करेगी।

टिप्पण : इन नियमों के प्रयोजन के लिए "ओई फिटमेंट" से ऐसा यान अभिप्रेत है जो उसके पहले रजिस्ट्रीकरण से पूर्व, यान विनिर्माता द्वारा सीएनजी प्रचालन के लिए विनिर्मित किया गया है।

2. गैसोलीन यान का "जो उपयोग में संपरिवर्तन" से ऐसे यान अभिप्रेत हैं जो पहले ही गैसोलीन यान के रूप में रजिस्ट्रीकृत हैं और तत्पश्चात् संपरिवर्तन किट और अन्य आवश्यक परिवर्तनों को करते हुए, फिटिंग द्वारा सी.एन.जी. पर प्रचालन के लिए संपरिवर्तित है।

3. "ओ.ई.सी.एन.जी. समर्पित यान" से ऐसा यान अभिप्रेत है जो उनके पहले रजिस्ट्रीकरण से पूर्व यान विनिर्माता द्वारा सी.एन.जी. पर प्रचालन के लिए विनिर्मित किया गया है।

4. "संपरिवर्तित डीजल यान" से ऐसा यान अभिप्रेत है जो पहले ही डीजल यान के रूप में रजिस्ट्रीकृत है और तत्पश्चात् संपरिवर्तन किट की फिटिंग और अन्य आवश्यक परिवर्तनों को करते हुए, उस यान पर फिट किए गए डीजल इंजन के रूपांतरण द्वारा, सी.एन.जी. पर प्रचालन के लिए संपरिवर्तित किया गया है।

5. "डीजल यान का अनुरूपांतरण" या (प्रतिस्थापन) से ऐसा यान अभिप्रेत है जो पहले ही डीजल यान के रूप में रजिस्ट्रीकृत है और तत्पश्चात् सी.एन.जी. पर प्रचालन अंगीकृत कर नए इंजन की फिटिंग कर सी.एन.जी. पर प्रचालन के लिए संपरिवर्तित किया गया है।

6. ए आई एस या आई एस विनिर्देश समय समय पर संशोधित किया जा सकेगा।

7. गैसोलीन यानों या संपरिवर्तित डीजल यानों पर जो उपयोग में हैं, संपरिवर्तन किटों की दशा में, परीक्षण अभिकरणों द्वारा जारी प्रमाणपत्रों की विधिमान्यता, यान के विनिर्माण के वर्ष में ऐसे सभी यानों को लागू होगी जिन पर ऐसी किट का परीक्षण किया गया है और क्रमशः यथास्थिति, भारत 2000 (इंडिया स्टेज-I) या भारत स्टेज-II मान की विधिमान्यता तक जैसा भी लागू हो, विस्तारित किया जाएगा।

4. उक्त नियमों के उपाबंध 8 के पश्चात् निम्नलिखित उपाबंध अन्तःस्थापित किए जाएंगे, अर्थात् :—

उपाबंध 9

(नियम 115 ख की मद 5 देखिए)

आंतरिक दहन इंजन युक्त यानों में सी. एन. जी. के उपयोग के लिए सुरक्षा जांच (ए आई एस 028 के अनुसार)

भारतीय गैस सिलेंडर नियम, 1981

सी. एन. जी. किट संघटक	प्रमाणित/सत्यापित करने वाला प्राधिकारी	ए आई एस 028/ अन्य नियम मानक आदि के खंड
(1)	(2)	(3)
(1) सिलेंडर*	विदेशी मेक के मामले में प्रमाणित/ पृष्ठांकित करने के लिए डी.ओ.ई. नागपुर	गैस सिलेंडर नियम, 1981
यान पर सिलेंडर का फिटमेंट	ए आई एस 028 के अनुसार सत्यापित करने के लिए परीक्षण अभिकरण	*ए आई एस 028 के खंड 2.3, 2.5 और 2.6
(2) सिलेंडर वाल्व*	विदेशी मेक के मामले में प्रमाणित/ पृष्ठांकित करने के लिए डी ओ ई, नागपुर	आई एस 3224 या गैस सिलेंडर नियम, 1981
3. रेग्यूलेटर*	परीक्षण अभिकरण द्वारा आई. एस. ओ. 15500 या समतुल्य मानक के अनुसार संघटकों का परीक्षण विकल्पतः परीक्षण अभिकरणों को विनिर्माता/प्रमाणित परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा जारी उपरोक्त मानक के अनुरूप परीक्षण प्रमाणपत्र/रिपोर्ट सत्यापित करना होगा।	आई. एस. ओ. 15500 या समतुल्य मानक
4. गैस वायुमिक्सर	परीक्षण अभिकरण द्वारा आई. एस. ओ. 15500 या समतुल्य मानक के अनुसार संघटकों का परीक्षण	आई. एस. ओ. 15500 या समतुल्य मानक

(1)		(2)	(3)
		विकल्पत: परीक्षण अभिकरणों को विनिर्माता/प्रमाणित परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा जारी उपरोक्त मानक के अनुरूप परीक्षण प्रमाणपत्र/रिपोर्ट सत्यापित करना होगा।	
5.	पेट्रोल और गैस परिनालिका	परीक्षण अभिकरण द्वारा आई. एस. ओ. 15500 या समतुल्य मानक के अनुसार संघटकों का परीक्षण विकल्पत: परीक्षण अभिकरणों को विनिर्माता/प्रमाणित परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा जारी उपरोक्त मानक के अनुरूप परीक्षण प्रमाणपत्र/रिपोर्ट सत्यापित करना होगा।	आई. एस. ओ. 15500 या समतुल्य मानक
6.	फिलिंग कनेक्शन* (एन जेड एस और एन जी वी-1 टाइप)	ए आई एस 028 के अनुसार परीक्षण अभिकरण द्वारा जांच किए जाने वाले यानों पर संस्थापन	ए आई एस 028 के खंड 2.2.2, 2.2.3, 2.2.4, 2.2.5 और 2.2.6
7.	संवातन*	सत्यापित करने के लिए परीक्षण	ए आई एस 028 के खंड 2.4.2
8.	नलिका का परीक्षण	परीक्षण अभिकरण द्वारा ए. आई. एस. 028 या समतुल्य मानक के अनुसार संघटक का परीक्षण/प्रमाणपत्र या परीक्षण रिपोर्ट का सत्यापन।	ए आई एस 028 के खंड 2.4.3.1
9.	सी. एन. जी. ईंधन		
(क)	उच्च दाब लाइन—100 के. पी. से अधिक*	परीक्षण अभिकरण द्वारा ए. आई. एस. 028 या समतुल्य मानक के अनुसार संघटक का परीक्षण/प्रमाणपत्र या परीक्षण रिपोर्ट का सत्यापन।	ए आई एस 028 के खंड 3.1.1
	*2.15 एम पी ए से अधिक		
	ठोस पाइप लचर होज	अधिक ऐसे परीक्षण अभिकरण द्वारा ए. आई. एस. 028 या समतुल्य मानक के अनुसार संघटक का परीक्षण/प्रमाणपत्र या परीक्षण रिपोर्ट का सत्यापन।	ए आई एस 028 का खंड 3.1.3.1, 3.1. 3.2 और 3.1.3. 3.1
	*100 के पी ए से अधिक और 2.15 एम पी एस कम	परीक्षण अभिकरण द्वारा ए. आई. एस. 028 या समतुल्य मानक के अनुसार संघटक का परीक्षण/प्रमाणपत्र या परीक्षण रिपोर्ट का सत्यापन।	ए आई एस 028 का खंड 3.1.2
(ख)	कम दाब—100 के. पी. ए.* से अधिक नहीं	परीक्षण अभिकरण द्वारा ए. आई. एस. 028 या समतुल्य मानक के अनुसार संघटक का परीक्षण/प्रमाणपत्र या परीक्षण रिपोर्ट का सत्यापन।	ए आई एस 028 का खंड 3.21 (क)
10.	संघटक/उपकरण*	परीक्षण अभिकरण द्वारा ए. आई. एस. 028 या समतुल्य मानक के अनुसार संघटक का परीक्षण/प्रमाणपत्र या परीक्षण रिपोर्ट का सत्यापन।	ए आई एस 028 का खंड 2.4.1, ए आई एस 028 का खंड 2.4.3.5 (आनम्य सामग्री के लिए)
11.	सी. एन. जी. प्रणाली के संस्थापन के लिए सुरक्षा जांच	परीक्षण अभिकरण द्वारा ए आई एस 028 के अनुसार की जाने वाली सुरक्षा जांच	ए आई एस 028 के सुसंगत खंड

* उद्भव के देश के प्रत्यापित परीक्षण अभिकरण द्वारा समतुल्य विहित मानकों के अनुरूप जारी प्रमाणपत्र या अन्तर्राष्ट्रीय रूप से प्रत्यापित परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा जारी रिपोर्ट या विनिर्माता की परीक्षण रिपोर्ट को भी संबद्ध परीक्षण अभिकरण द्वारा स्वीकार किया गया है।

टिप्पण—यथाउल्लिखित सभी मानकों का नवीनतम संस्करण ही अनुपालन के लिए निर्दिष्ट किया जाएगा।

उपाबंध-10

(नियम 115 ख की मद च देखिए)

सी. एन. जी. और एल. पी. जी. प्रचालित यानों के टाइप, अनुमोदन के लिए सुरक्षा और प्रक्रियात्मक अपेक्षाएं

सी. एन. जी. और एल. पी. जी. प्रचालित यानों के लिए टाइप अनुमोदन प्रमाणपत्र को जारी करने के प्रयोजनों के लिए केन्द्रीय मोटर यान नियम के अधीन विहित जांच अभिकरणों द्वारा अनुसरण किए जाने वाले व्यवहार और प्रक्रिया की सुरक्षा संहिता, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने विहित की है। सी. एन. जी. और एल. पी. जी. प्रचालित यानों के लिए अनुसरण किए जाने वाले व्यवहार की सुरक्षा प्रक्रिया और टाइप अनुमोदन प्रक्रिया क्रमशः ए. आई. एस. 024 (सी. एन. जी. से प्रचालित यानों के टाइप अनुमोदन के लिए सुरक्षा और प्रक्रियात्मक अपेक्षाएं) और ए. आई. एस. 025 (एल. पी. जी. से प्रचालित यानों के टाइप अनुमोदन के लिए सुरक्षा और प्रक्रियात्मक अपेक्षाएं) मानकों में दी हैं। इन दस्तावेजों में, यान विनिर्माता किट संस्थापक या किट विनिर्माता या किट प्रदायकर्ता या किट आयातकर्ता द्वारा सी. एन. जी./एल. पी. जी. किटों के संस्थापन के लिए अनुसरण किए जाने वाले व्यवहार और प्रक्रिया की सुरक्षा संहिता अन्तर्विष्ट है।

इन मानकों में यान और किट का तकनीकी विनिर्देश उपयोगरत संपरिवर्तित यानों की उपयुक्तता परीक्षणों के लिए जांच सूची किट संस्थापकों के प्राधिकृत करने के मानदंड और संस्थापन के बारे में ब्यौरा भी अन्तर्विष्ट है।

ऊपर निर्दिष्ट दस्तावेजों में संबद्ध प्रत्येक अभिकरण की भूमिका और उत्तरदायित्व दिए गए हैं, जिनकी आधार भूत विशिष्टताएं नीचे वर्णित है।

परीक्षण अभिकरण की भूमिका (ए.आई. एस. 024) के पृष्ठ सं. 3 से 6 और (ए.आई.एस. 025 के पृष्ठ सं. 3 और 4)

सी.एन.जी. और एल.पी.जी प्रचालित यानों के टाइप अनुमोदन के लिए सुरक्षा और प्रक्रियात्मक अपेक्षाओं के अनुसार परीक्षण अभिकरणों द्वारा सी.एन.जी. और एल.पी.जी. यानों का टाइप अनुमोदन किया जाता है। परीक्षण अभिकरण यान या/किट विनिर्माताओं/किट प्रदायकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत यान और संघटकों पर टाइप अनुमोदन प्रमाणपत्र जांच की जाती है। टाइप अनुमोदन प्रमाणपत्र जांचों में मूलतः परीक्षण कार्य निष्पादन के लिए यानों और संघटकों का, परीक्षण और मूल्यांकन तथा यान पर सुरक्षा और संस्थापन जांच अन्तर्वलित है।

यदि यान टाइप अनुमोदन मान और संघटकों को विहित परीक्षण को पूरा करता है तो यान/किट विनिर्माताओं/किट प्रदायकर्ताओं को टाइप अनुमोदन प्रमाणपत्र दिया जाता है और यान/किट विनिर्माताओं/किट प्रदायकर्ताओं से उन विनिर्देशों के अनुरूप किटों से फिट किए गए यानों के विनिर्माण और विपणन की अपेक्षा की जाती है। विक्रय सेवा के पश्चात् के लिए आवश्यक स्वामी की निर्देशिका, सर्विस मैनुअल आवधिक निरीक्षण और अनुरक्षण अनुदेश तथा पर्याप्त अवसंरचना प्रदान करना, यान/किट विनिर्माताओं/किट प्रदायकर्ता का उत्तरदायित्व है।

यान/किट विनिर्माता/किट प्रदायकर्ता का उत्तरदायित्व (ए.आई.एस.के पृष्ठ सं. 3 और 4 और ए.आई.एस. 025 का पृष्ठ)

यथास्थिति, यान/किट विनिर्माताओं/किट प्रदायकर्ताओं को प्राथमिक उत्तरदायित्व, टाइप अनुमोदन के समय घोषित विनिर्देशों के अनुरूप, सी.एन.जी./एल.पी.जी. किटों से फिट किए गए यानों का विनिर्माण और प्रदाय करना है। आवश्यक स्वामी की निर्देशिका जिस में आवधिक अनुरक्षण, सुरक्षा जांच और यान/किट विनिर्माताओं/किट प्रदायकर्ताओं द्वारा तैयार किए जाने वाले करो और न करो अनुदेश दिए गए हो यान के स्वामियों को दिए जाने हैं। यान को संस्थापन आवधिक निरीक्षण और अनुरक्षण के लिए आवश्यक औजार और जुगतों की व्यवस्था की जाएगी। यदि किट विनिर्माता/प्रदायकर्ता यह महसूस करता है कि यान में अतिरिक्त सुरक्षा अनुदेशप्रदान किए जाने की आवश्यकता है, तो इसे यान के अंदर और बाहर समुचित स्थानों पर दर्शित किया जाना चाहिए। वारंटी अवधि के दौरान, यान/किट विनिर्माता/किट प्रदायकर्ता को कडाई से अनुरक्षण अनुसूची का पालन करना चाहिए और उपयोक्ताओं को समुचित प्रशिक्षण देना चाहिए। यदि यान/किट विनिर्माता/किट प्रदायकर्ता यह महसूस करता है कि सामान्य प्रशिक्षण पर्याप्त नहीं है तो उन्हें निरीक्षण, प्रचालन और अनुरक्षण पर उपयोक्ताओं, चालकों और अन्य प्राविधिकज्ञों के लिए सघन प्रशिक्षण की व्यवस्था करनी चाहिए। ए.आई.एस. 024 के उपाबंध और ए.आई.एस. 025 के मानकों के अनुसार यान/किट विनिर्माता/किट प्रदायकर्ता सर्विस केन्द्रों/किट संस्थापकों को स्थापित/नियुक्त करने के समय आवश्यक अवसंरचना स्थापित करेंगे।

स्वामियों/उपयोक्ताओं के उत्तरदायित्व (ए.आई.एस 24 के उपाबंध 5 के खंड 12 और 15 ए.आई. एस. 025)

* स्वामी/चालक को सही तरीके से यह अनुदेश दिए जाएंगे कि निम्नानुसार गैस प्रणाली के निर्देशिका के लिए स्वामी की प्रचालन निर्देशिका सहित गैस प्रणाली और नियंत्रण कार्य करें :

* आरेख सहित आधारिक गैस प्रणाली स्पष्टीकरण

* स्विच प्रचालन पर ईंधन परिवर्तन यदि द्विईंधन प्रणाली फिट की गई है।

* शीत और ऊष्मित स्टार्ट के लिए आरंभिक प्रक्रिया।

* यान में पत्र ईंधन कैसे भरा जाए।

* पश्च ज्वलन के होने पर जांच प्रक्रिया और उसका अनुपालन।

* गैस का रिसन होने की दशा में बंद कर देने की प्रक्रिया और उसका अनुपालन ।

* आपात की दशा में निर्गमन या सूचना संपर्क संख्या ।

* उपयोकताओं को यान विनिर्माताओं/किट संस्थापकों द्वारा दिए गए सभी अनुदेशों का पालन करना चाहिए। स्वामी के मैनुअल में सूचीबद्ध आवश्यक आवधिक निरीक्षण उपयोक्ताओं द्वारा कराए जाएंगे।

* उपयोक्ताओं को गैस भरते समय अनुदेशों का अनुसरण करना चाहिए और रिसाव परीक्षण आवधिक रूप से कराने चाहिए।

* उपयोक्ताओं को इस बात पर जोर देना चाहिए कि यान विनिर्माताओं/किट संस्थापकों/प्रदायकर्ताओं द्वारा चालकों और तकनीशियनों को समुचित प्रशिक्षण दिया जाए। वाल्व पाइपलाइन, सिलेण्डर और रेग्यूलेटर/ वैपराइजर का आवधिक निरीक्षण कराया जाएगा।

* किसी संघटक के ठीक से काम न करने की दशा में, आवश्यक मरम्मत और रखरखाव, संस्थापकों, यान/किट विनिर्माताओं/प्रदायकर्ताओं की सहायता मार्गदर्शन के अधीन प्राधिकृत सर्विस स्टेशन पर ही कराया जाना है।

* यान का स्वामी, परिवर्तन कराने के 14 दिन के भीतर संबद्ध रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी को, रजिस्ट्रीकरण प्रमाणत्रप में विशिष्ट परिवर्तन के पृष्ठांकन के लिए संस्थापन के स्थान और तारीख तथा संस्थापन प्रमाणपत्र की संख्या का उल्लेख करते हुए आवेदन करेगा।

* *यान के रजिस्ट्रीकरण के लिए कानूनी अपेक्षाएं।*

* निम्नलिखित उपाय अपनाकर सुरक्षा में वृद्धि सुनिश्चित की जा सकेगी।

* प्रत्येक संपरिवर्तित बस को रजिस्टर करते समय यान विनिर्माता/किट संस्थापक बस बॉडी निर्माता और परिवहन प्राधिकरण के साथ संयुक्त रूप से रजिस्ट्रीकरण के पूर्व बस की जांच करेंगे। ऐसे किसी यान का रजिस्ट्रीकरण परिवहन प्राधिकरण के साथ सभी संबद्ध व्यक्तियों द्वारा संयुक्त रूप से रिपोर्ट पर हस्ताक्षर करने के पश्चात् ही किया जाएगा।

* प्रशिक्षण प्रमाप और प्रशिक्षण की बारम्बारता के ब्यौरे यान विनिर्माताओं/किट विक्रेताओं द्वारा परिवहन प्राधिकरण/रजिस्ट्रीकरण प्राधिकारी जैसे उपयोक्ताओं/सक्षम प्राधिकारी को संसूचित किए जाएंगे।

* सर्विसिंग, रखरखाव और अतिरिक्त पुर्जों के प्रदाय के लिए यान विनिर्माताओं और किट संस्थापकों के साथ उपयोक्ता का मैत्रीपूर्ण अभिगम अनिवार्य है। आदेश दिए जाने के पूर्व ब्यौरे तैयार कर लिए जाएंगे।

* अतिरिक्त सुरक्षोपाय जैसे दो कि.ग्रा. वाले शुष्क पाउडर टाइप अग्नि शामक लगाए जाएंगे जिनमें से एक चालक के केबिन में और दूसरा यात्री कंपार्टमेंट में लगाया जाएगा। गैस रिसाव डिटेक्टर सुरक्षा में और वृद्धि करेगा।

* वैद्युत संस्थापन के लिए ज्वलन रोधी केबिल का प्रयोग किया जाएगा, विशेष रूप से घनात्मक अग्रांत कपनों को ध्यान में रखते हुए उचित लूमिंग के साथ सभी केबिल और पाइपों को अच्छी तरह अवरुद्ध किया जाएगा, सीट/अपहोल्स्ट्री/ छत और पार्श्व लाइनिंग के लिए अग्नि मंदक सामग्री का उपयोग किया जाएगा। गैस रिसाव और अग्नि परिसंकट की दशा में सतर्कता के बारे में सुरक्षा अनुदेश प्रदर्शित किए जाएंगे।

टिप्पण :—इस उपाबंध में निर्दिष्ट ए. आई. एस. मानक आटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन आफ इंडिया (ए. आर. ए. आई) पो. बा. सं. 832, पुणे-411004 भारत (फैक्स :—91-2054 34 190 वेबसाइट :-एच.टीटीपी 11 डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू ए आर ए आई इंडिया काम) के पास उपलब्ध है। इस दस्तावेज की प्रतियां, केन्द्रीय मोटरयान नियम, 1089 के नियम 126 में निर्दिष्ट अन्य परीक्षण अभिकरणों के पास भी उपलब्ध हैं।

[एफ आर टी 11011/35/2000एमवीएल]

आलोक रावत, संयुक्त सचिव

टिप्पण :—मूल नियम भारत के राजपत्र में सा. का. नि. सं. 590(अ) तारीख 2 जून, 1989 को प्रकाशित किए गए थे और अंतिम बार उनका अंतिम संशोधन सा. का. नि. सं. 675(अ) तारीख 17-9-2000 द्वारा किया गया।

MINISTRY OF ROAD TRANSPORT AND HIGHWAYS

NOTIFICATION

New Delhi, the 19th November, 2001

G.S.R. 853(E).— Whereas the draft of certain rules further to amend the Central Motor Vehicles Rules, 1989 were published as required by sub-section (1) of section 212 of the Motor Vehicles Act, 1988 (59 of 1988) in the notification of Government of India in the Ministry of Road Transport and Highways, number G.S.R.No. 529(E), dated the 13th July, 2001, in the Gazette of India, Extraordinary, Part II, Section 3, sub-section 1 dated the 13th July, 2001, inviting objections and suggestions from all persons likely to be affected thereby within a period of sixty days from the date on which copies of the Gazette of India in which the said notification was published, were made available to the public;

And, whereas the copies of the said Gazette were made available to the public on 16th July, 2001;

And, whereas the objections and suggestions received from the public on the said draft rules have been considered by the Central Government;

Now, therefore in exercise of the powers conferred by clause (p) of section 64, read with sub-section (1) of section 52 and section 110 of the said Act, the Central Government hereby makes the following rules further to amend the Central Motor Vehicle Rules, 1989, namely :-

1. (1) These rules may be called the Central Motor Vehicles (7th Amendment) Rules, 2001.

(2) They shall come into force after six months from the date of their final publication in the Official Gazette:

Provided that in respect of vehicle models / conversion kits / engine replacements certified under rule 115 B prior to commencement of these rules (as per notification no. GSR 99(E), dated 9th February, 2000), the compliance of such certificate shall cease to be valid six months from the date of commencement of these rules, notwithstanding the period of validity specified in such certificates.

2. In rule 115 of the Central Motor Vehicles Rules, 1989, (hereinafter referred to as the said rules), for sub-rule (2), the following sub-rule shall be substituted, namely: -

"(2) On and from the commencement of the Central Motor Vehicles (7th Amendment) Rules, 2001, every motor vehicle shall comply with the following standards, namely:-

